ACE/No/Gen/25-26/058 9/10/2025

# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
## (परीक्षा : पोस्ट–परिणाम अनुभाग)

क्रमांक – जनावि / परीक्षा / 2025 / 4168 दिनांक : 7/X/25

:: विज्ञप्ति ::

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की **सत्र 2025–26** की आयोज्य वार्षिक पद्धति **स्नात्तक द्वितीय वर्ष/अन्तिम वर्ष अनुत्तीर्ण, प्रथम एवं द्वितीय वर्ष ड्यू विषय** एवं **स्नातकोत्तर अन्तिम अनुत्तीर्ण स्वयंपाठी/भूतपूर्व** एवं स्नातक/स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष **नियमित (बी.एड./एम.एड./बी.ए. बी.एड./बीएस.सी बी.एड एवं एलएल.बी पाठ्यक्रमों को छोड़कर)** के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर दिनांक **08 अक्टूबर, 2025** से भर सकते है। विभिन्न प्रकार के शुल्क के साथ ऑनलाईन आवेदन /प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड–कॉपी) जमा कराने की अन्तिम तिथियॉं विभिन्न प्रकार के शुल्क से निम्नानुसार होंगी –

| | ऑन–लाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथियां | प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड–कॉपी) जमा कराने की अन्तिम तिथियां |
|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | 08 नवम्बर, 2025 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिन तक | 11 नवम्बर, 2025 तक |
| 50/– रुपये विलम्ब शुल्क सहित | 08 दिसम्बर, 2025 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 25 दिन तक | 10 दिसम्बर, 2025 तक |
| दुगुने परीक्षा शुल्क सहित | 15 दिसम्बर, 2025 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 45 दिन तक | 17 दिसम्बर, 2025 तक |
| चौगुने परीक्षा शुल्क सहित | 22 दिसम्बर, 2025 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 60 दिन तक | 24 दिसम्बर, 2025 तक |

1. वार्षिक पद्धति स्वयंपाठी स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध अनुत्तीर्ण विद्यार्थी NEP-2020 के तहत् परीक्षा आवेदन भरें।
2. वार्षिक पद्धति के स्नातक द्वितीय वर्ष स्वयंपाठी/भूतपूर्व परीक्षार्थियो हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।। अतः उक्त परीक्षार्थी शैक्षणिक सत्र 2025–26 में अनुत्तीर्ण होते है तो शैणक्षिक सत्र 2026–27 से अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को NEP-2020 के नियमानुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरना होगा।
3. वार्षिक पद्धति जिन परीक्षार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किया है, वे पुनर्मूल्यांकन परिणाम की प्रतीक्षा किए बिना वर्तमान परिणामानुसार अपना परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें। पुनर्मूल्यांकन–परिणाम घोषित होने के पश्चात् यदि उनके परिणाम में परिवर्तन हो रहा है तो वे प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करके अपने परीक्षा आवेदन–पत्र में पुनर्मूल्यांकन–परिणामानुसार परिवर्तन कराएँ।

आवेदकों हेतु वेबसाइट पर विभिन्न परीक्षाओं हेतु अलग–अलग आवेदन–पत्र प्रारूप उपलब्ध होंगे। आवेदक जिस परीक्षा में आवेदन करना चाहता है, उस परीक्षा/प्रारूप को चुने तथा ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरकर ऑन–लाइन प्रस्तुत (submit) करने के बाद परीक्षा आवेदन–पत्र एवं शुल्क जमा करने हेतु चालान का प्रिन्ट लें। आवेदक शुल्क जमा करने से पूर्व आवेदन पत्र की प्रिन्ट प्रति का सावधानी से अवलोकन कर जाँच लें कि सभी प्रविष्टियाँ सही हैं यदि सुधार की जरूरत है तो दूसरा आवेदन पत्र भरें। अग्रेषण केन्द्र से आवेदन जांच करवाने के पश्चात् ही शुल्क जमा करायें। आवेदक BANK OF BARODA / ICICI बैंक एवं अन्य बैंकों के NEFT/RTGS सेवा नेट बैंकिंग (डेबिट कार्ड एवम क्रेडिट कार्ड) से भी शुल्क जमा करा सकते हैं। शुल्क जंमा करने के पश्चात् आवेदन की प्रिन्ट प्रति (हार्ड कॉपी) के साथ शुल्क जमा की एक मूल प्रति तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों यथा उसके द्वारा आवेदन की जा रही परीक्षा हेतु आवेदक को अर्हता प्रदान करने वाली परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल तथा स्वप्रमाणित प्रतियाँ, उसके वर्ग (category) उपवर्ग (sub-category) यथा विकलांग इत्यादि से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित संग्रहण केन्द्रों पर प्रस्तुत कर जाँच करावें। संग्रहण केन्द्रों की सूची वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर उपलब्ध है।

अग्रेषण अधिकारियों को भी यह सूचित किया जाता है कि केवल नये पंजीयन होने वाले छात्रों का पंजीयन आवेदन के साथ मूल प्रवजन प्रमाण पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, परीक्षा शुल्क का मूल चालान संलग्न होना आवश्यक है और जन्म तिथि प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न होना आवश्यक है शेष दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियाँ भी आवश्यकतानुसार संलग्न कर सकते हैं। संग्रहण केन्द्र अधिकारी मूल दस्तावेजों से जाँच कर आवेदन–पत्र में निर्धारित स्थान पर इस आशय की मोहर अवश्य लगायें कि सत्यापित दस्तावेजों की मूल दस्तावेजों से जॉच करली हैं तथा वे आवेदन करने वाली परीक्षा हेतु पात्र है (Verified by original documents & the applicant is eligible) एवं निर्धारित स्थान पर सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी अपने हस्ताक्षर करें। आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेजों की पावती रसीद छात्र संग्रहण केन्द्र से अवश्य प्राप्त करें। इस विश्वविद्यालय में प्रथम बार परीक्षा आवेदन करने वाले परीक्षार्थी जिनका पंजीयन होना हैं परीक्षा आवेदन के साथ पंजीयन आवेदन पत्र भी आवश्यक रूप से संलग्न करें।

**नोटः सभी अग्रेषण अधिकारी को सूचित किया जाता है कि आप द्वारा आवेदन पत्र जांच कर ऑनलाईन सत्यापित एवं प्रमाणित कर विश्वविद्यालय की परीक्षा अनुभाग में** कक्षावार (क्रमानुसार) **विभिन्न शुल्क के अनुसार हार्डकॉपी जमा करवाने की उपरोक्त वर्णित अन्तिम तिथि से 07 दिवस के भीतर तक अवश्य जमा करावें।** नियत तिथि तक यदि कोई आवेदन पत्र जमा नही होता है तो इसकी सम्पूर्ण रूप से जिम्मेदारी अग्रेषण अधिकारी एवं परीक्षार्थियों की होगी। आवेदन पत्र में कोई त्रुटि पायी जाती है तो इसके लिए अग्रेषण अधिकारी जिम्मेवार होगें। **सभी अग्रेषण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन–पत्र जमा होने की प्राप्ति रसीद आवश्यक रूप से प्रदान करें।**

**परीक्षा शुल्क व परीक्षा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विस्तृत जानकारी जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर उपलब्ध रहेगी।**

(प्रो. जी.एस.शेखावत)
परीक्षा नियंत्रक
दिनांक : 7/X/25

9.10.25

क्रमांक – जनावि / परीक्षा / 2025 / 4168

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित है–

1. सभी अधिष्ठाता / निदेशक / सभी विभागाध्यक्ष, ज.ना.व्यास. वि.वि.,जोधपुर
2. प्राचार्य, सभी सम्बद्ध महाविद्यालय, जोधपुर संभाग, ज.ना.व्यास. वि.वि.,जोधपुर
3. वित्त नियंत्रक, ज.ना.व्यास. वि.वि.,जोधपुर
4. निजी सचिव, कुलपति / निजी सहायक कुलसचिव, ज.ना.व्यास. वि.वि.,जोधपुर
5. जन सम्पर्क अधिकारी / प्रभारी, ऑनलाईन।
6. प्रभारी, ऑनलाईन सैल, को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करावें।
7. सम्पादक राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर को प्रेषित कर लेख है कि जोधपुर संभाग में (जोधपुर, पाली, बाडमेर, जैसलमेर एवं जालोर जिले में) सशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित की जाये।

NB/WB/SC
HOD's-JNVU
Shailendra

सहायक कुलसचिव